Maheshwari Logistics Ltd™
Together Towards Growth™
Coal | Logistcs | Paper | Automotive | Packaging

संvad

ISSUE 30
January - March 2026

धैर्यं सर्वस्य साधनम् ।

*Patience is the solution to everything.*

## स्पर्श



धैर्यम् सर्वस्य साधनम्

(इसका अर्थ है- धैर्य ही हर सफलता का साधन है)

हम इसे इस तरह समझें कि धैर्य जीवन का वह अमूल्य गुण है, जो हर लक्ष्य की प्राप्ति का आधार बनता है। आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में हम अक्सर तुरंत परिणाम चाहते हैं, लेकिन सच्ची और स्थायी सफलता के लिए धैर्य अनिवार्य है।

कार्यस्थल पर भी धैर्य का विशेष महत्व है। किसी परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने में समय, निरंतर प्रयास और संयम की आवश्यकता होती है। चुनौतियाँ और बाधाएँ हर कदम पर आती हैं, परन्तु धैर्य हमें स्थिर रखता है और सही निर्णय लेने की शक्ति देता है। धैर्यवान व्यक्ति असफलताओं से घबराता नहीं, बल्कि उनसे सीखकर आगे बढ़ता है।


धैर्य केवल प्रतीक्षा करना नहीं, बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सही समय का इंतजार करना है। यह हमें संतुलन, सहनशीलता और आत्मविश्वास प्रदान करता है।

आइए, हम अपने दैनिक कार्यों में धैर्य को अपनाएँ और इसे अपनी कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाएं। क्योंकि जब हम धैर्य के साथ आगे बढ़ते हैं, तो सफलता स्वयं हमारे कदम चूमती है।

कहते है सबसे शक्तिशाली दो योद्धा हैं- समय और धैर्य

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad

## समन्वय



प्रिय साथियों,

आज मैं आप सभी को बहुत उत्साह और प्रसन्नता के साथ नमस्कार करता हूँ। कुछ समय पहले मैं औपचारिक रूप से फिर से आप सबके साथ इस यात्रा में जुड़ा हूँ। सच तो यह है कि मैं कभी आपसे अलग था ही नहीं, लेकिन फिर भी वापस आकर जो अपनापन और खुशी महसूस हो रही है, वह मेरे लिए बहुत विशेष है।

आज मैं आपसे एक ऐसे विषय पर बात करना चाहता हूँ, जो हम सबकी ज़िंदगी और काम के केंद्र में है - परिवर्तन।

हम ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ सब कुछ बहुत तेज़ी से बदल रहा है। कभी एक ट्वीट, कभी एक बड़ी खबर, कभी कोई नई तकनीक, और कुछ ही मिनटों में पूरी दुनिया का माहौल बदल जाता है। चारों ओर युद्ध, आर्टिफ़िशल इंटेलिजेन्स, व्यवसाय के नए तरीके, और लगातार बदलती परिस्थितियाँ - यह सब मिलकर दुनिया को पहले से अधिक जटिल और कभी-कभी उलझन भरा बना रहे हैं।

हर सुबह हम एक नई स्थिति का सामना करते हैं - जो कभी हमें उत्साहित करती है, तो कभी चिंतित भी कर देती है। बदलाव की यह गति शायद वैसी है, जैसी हमने पहले कभी अनुभव नहीं की।

हाल ही में मैं एक कार्यक्रम में था, जहाँ किसी ने मुझसे कहा: **जब-जब दुनिया तेज़ी से बदली है, तब-तब नए अवसर भी सामने आए**" यह बात मेरे मन में गहराई से बैठ गई। मैंने सोचना शुरू किया कि इन अवसरों को पहचाना कैसे जाए और उनका सही तरीके से लाभ कैसे उठाया जाए। जब मैंने इतिहास के विभिन्न दौरों को देखा - चाहे औद्योगिक क्रांति हो, इंटरनेट का विस्तार हो, 2008 का आर्थिक संकट हो, या 2020 की महामारी कोविड - एक बात बार-बार सामने आई: जिन लोगों और संस्थाओं ने बदलाव के समय आगे बढ़कर अवसर बनाए, उनमें एक बात समान थी - **एक मज़बूत टीम।**

टीमवर्क ने हमेशा इतिहास रचा है।

चाहे बड़े साम्राज्य हों या सफल कंपनियाँ - सभी ने बदलाव देखे हैं। कई लोग और संस्थाएँ समय के साथ पीछे रह गईं। लेकिन जहाँ टीम मज़बूत थी, जहाँ लोग एक-दूसरे के साथ खड़े रहे, जहाँ भरोसा और साझा उद्देश्य था - वहाँ नई कहानियाँ लिखी गईं। आज हमारे पास भी वही अवसर है।

आने वाला समय हमसे यही अपेक्षा करता है कि हम मिलकर बदलावों और चुनौतियों का सामना करें - समझदारी, विश्वास और टीमवर्क के साथ। क्योंकि हमारी सबसे बड़ी ताकत केवल रणनीति या तकनीक नहीं है - हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं हमारे लोग।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यदि हम साथ बने रहे, एक-दूसरे से सीखते रहे, और बदलती दुनिया को खुले मन से अपनाते रहे, तो हम केवल बदलाव का सामना ही नहीं करेंगे, बल्कि उससे नए अवसर भी बनाएँगे।

हम साथ हैं - हम तैयार हैं...

और मुझे विश्वास है कि हम मिलकर आने वाले समय को केवल देखेंगे नहीं - बल्कि उसे आकार देंगे।

Palash Maheshwari
Director, Maheshwari Logistics Ltd.






# IN HOUSE TALENT Congratulations!!!




Mahima Maheshwari for becoming
A certified Acupuncture Practitioner






Muskan Maheshwari for winning
Best Scientific Presentation in National PG Convention






Navya Maheshwari for achieving 2nd place among the toppers of Grade 3



Shrikrit Jajoo on getting the Scholar's Blazer,
the school's highest academic honor, awarded for
excellence in academics and all-round achievements

## अहंकार का अंत

एक जंगल में एक घमंडी बाज रहता था। उसे अपनी तेज उड़ान और ताकत पर बहुत गर्व था। वह छोटे पक्षियों को तंग करता और कहता,

"मेरे जैसा ताकतवर कोई नहीं!"

एक दिन उसने देखा कि एक छोटी सी चिड़िया तिनका-तिनका जोड़कर अपना घोंसला बना रही है। बाज हँसकर बोला, "इतनी मेहनत क्यों करती हो? एक तेज हवा आएगी और सब उड़ जाएगा।"

चिड़िया ने शांति से जवाब दिया, "मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। आज उड़ भी गया तो कल फिर बना लूँगी।"

कुछ दिनों बाद तेज तूफान आया। बाज ने सोचा, "मैं तो आसमान में उड़ जाऊँगा।"लेकिन तूफान इतना भयानक था कि बाज एक पेड़ से टकराकर घायल हो गया।

वहीं छोटी चिड़िया ने अपने मजबूत घोंसले में शरण ली। तूफान के बाद उसने घायल बाज को देखा और उसकी मदद की।

बाज को अपनी गलती समझ आ गई। उसने कहा, "ताकत से नहीं, मेहनत और विनम्रता से ही असली जीत मिलती है"

सीख : अहंकार हमेशा नुकसान देता है। मेहनत और विनम्रता इंसान को महान बनाती है।



विरम सिंह, गोटन

## प्रभु के पास बैठ

प्रभु के पास बैठ,
नहीं, ज़रूरी नहीं कि मंदिर में, घर के ही किसी कोने में,
सोफे पर, जगह कोई भी हो, लेकिन वहाँ थोड़ी शांति हो।
भगवान के साथ एकात्मकता स्थापित करने की अनुकूलता हो।
बस वही तुम्हारे लिए मंदिर है।

प्रभु के पास बैठ,
जैसे एक बेटा अपनी माँ के पास बैठता है।
कोई माँग नहीं, शिकायत नहीं,
वायदे नहीं, इच्छाएँ नहीं, अपेक्षाएँ नहीं।

प्रभु के पास बैठ, दिल खोलकर बैठ
अपने दुर्गुण समाज से भले छुपाओ,
लेकिन भगवान से ना छुपाओ।
जैसे हो वैसे ही बनकर बैठो।

प्रभु के पास बैठ
रोना आए तो रो लो, हँसना आए तो हँस लो।
कुछ ना समझ में आए तो चुप-चाप बैठो,
लेकिन एक बार भगवान के पास बैठो।

बहुत दौड़े, अब जरा ठहरें।
बहुत देखा बाहर, अब थोड़ा भीतर झाँकें।
जिसे चार धामों में खोजा,
वह तेरे भीतर, तेरे साथ, तेरे ही अंदर है।

तू ही तेरा मंदिर और,
तू ही तेरा भगवान।
अब थोड़ा समय तू अपने साथ बैठ।
प्रभु के पास बैठ।



वृंदा माहेश्वरी, वापी

## मटर निमोना



निमोना उत्तर भारत (खासकर उत्तर प्रदेश) की एक पारंपरिक और बहुत स्वादिष्ट डिश है। इसे हरी मटर से बनाया जाता है।

सामग्री: २ कप हरी मटर, २ मध्यम आलू (कटे हुए), २ टमाटर (बारीक कटे), १–२ हरी मिर्च, १ चम्मच अदरक–लहसुन पेस्ट, १/२ चम्मच हल्दी पाउडर, १ चम्मच धनिया पाउडर, १/२ चम्मच जीरा, २–३ चम्मच तेल, नमक स्वादानुसार, एक चुटकी हींग, हरा धनिया (गार्निश के लिए)

बनाने की विधि:



हरी मटर को मिक्सी में दरदरा पीस लें (पूरी तरह पेस्ट न बनाएं)। कढ़ाही में तेल गरम करें, जीरा डालें, उसी समय एक चुटकी हींग डाल दें। जीरा चटकने लगे तो अदरक–लहसुन पेस्ट और हरी मिर्च डालें, अब टमाटर डालकर अच्छे से भूनें। फिर हल्दी, और नमक डालें। कटे हुए आलू डालकर ३–४ मिनट तक भूनें। फिर पिसी हुई मटर डालें और ५–७ मिनट तक अच्छे से पकाएं। जरूरत के अनुसार पानी डालें और ढककर मध्यम आंच पर १०–१५ मिनट पकाएं। अंत में हरा धनिया से सजाएं।

गरमा–गरम निमोना को रोटी, पराठा या चावल के साथ परोसें।

**मायादेवी तिवारी, वापी**

## सरस गाँव की अनूठी होली परम्परा




गुजरात के सूरत जिले का सरस गाँव अपनी अनूठी और पारंपरिक होली के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ ग्रामीण दहकते हुए अंगारों पर चलकर होली मनाते हैं। यह परंपरा सदियों पुरानी है और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं, जो विश्वास और साहस का प्रतीक माना जाता है।

KNOW YOUR COUNTRY


**सरस गाँव होली की विशेषताएं:**

**अंगारों पर चलना:** ग्रामीण दहकते कोयले या लकड़ियों के ढेर पर नंगे पैर चलते हैं, जिसे भक्त प्रह्लाद की अग्नि से सुरक्षा की कथा से जोड़कर देखा जाता है।

**अनोखी परंपरा:** यह केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि एक कठिन अनुष्ठान है जो गांव की सुख–समृद्धि के लिए किया जाता है।

**दहकती होली:** होलिका दहन के बाद, जब आग पूरी तरह से सुलग रही होती है, तब यह अनोखा नज़ारा देखने को मिलता है।

यह परंपरा सरस गांव की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



**चैताली पटेल, मोरा हजीरा (सूरत)**

## खेल खेल में

**SUDOKU MEDIUM**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | | 5 | |
| | 3 | | | 4 | 2 | | | |
| 9 | | 6 | 8 | 5 | | 7 | 3 | |
| | | | 9 | 7 | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 8 |
| | | 4 | | 1 | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 6 | | 1 | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | 5 | | |

**Last edition word puzzle solved by**

Priyanka Pawar
Priyanka Basak
Karan Desai





**Prize winner for highest participation in *Samvad* Last year**

Priyanka Pawar, Surat

**रिडल्स के सही जवाब आपको 15th May तक भेजने है।**
**जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे।**

# GLIMPSE OF EVENTS




Holi Celebration at Gandhidham office



Holi Celebration at MLL House, Vapi



Holi Celebration at Mora, Surat

# Financial Performance for FY 2025-26

## MAHESHWARI LOGISTICS LIMITED

Board Approved: 14-Feb-2026 | CIN: L60232GJ2006PLC049224 | NSE Listed


Q3 & 9M FY2026 Results | Quarter Ended 31st December 2025 | Standalone | ₹ in Lakhs (Unaudited)

| Revenue from Ops | EBITDA | Profit After Tax | EPS (Basic) |
|---|---|---|---|
| ₹26,150 | ₹1,805 | ₹418 | ₹1.41 |
| ▲ +13.7% YoY | ▲ +1.8% YoY | ▲ +38.9% YoY | ▲ +38.2% YoY |

### Quarterly P&L Comparison

| Metric | Q3 FY25 | Q2 FY26 | Q3 FY26 ▶ | YoY Chg |
|---|---|---|---|---|
| Revenue from Ops | 23,003 | 26,519 | 26,150 | ▲ +13.7% |
| Total Income | 23,006 | 26,788 | 26,219 | ▲ +13.9% |
| Total Expenses | 21,232 | 24,988 | 24,414 | ▼ +14.9% |
| **EBITDA** | 1,774 | 1,799 | 1,805 | ▲ +1.8% |
| Finance Cost | 778 | 819 | 791 | ▼ +1.7% |
| PBT | 609 | 586 | 585 | ▼ -3.9% |
| Tax Expense | 308 | 195 | 167 | ▲ -45.8% |
| **PAT (Continuing)** | 301 | 391 | 418 | ▲ +38.9% |
| **EPS Basic (₹)** | 1.02 | 1.32 | 1.41 | ▲ +38.2% |

### Segment Revenue | Q3 FY26




**Trading** ₹18,311 L (66.7%)

**Transport & Port** ₹3,125 L (11.4%)

**Mfg. Kraft Paper** ₹6,040 L (22.0%)

**Net Rev: ₹26,150 L**

(After inter-seg: -₹1,326 L)

### Nine Month Performance (9M FY2026)

| Revenue | EBITDA | PAT | EPS |
|---|---|---|---|
| ₹78,300 L | ₹5,427 L | ₹1,247 L | ₹4.21 |
| ▲+11.8% | ▲+7.8% | ▲+10.3% | ▲+10.2% |
| FY25:₹70,013 L | FY25:₹5,035 L | FY25:₹1,131 L | FY25:₹3.82 |

9M FY26 progress vs FY25 Full Year (Audited):

Rev:82% EBIT:78% PAT:71% EPS:71%

### Consolidated | Q3 FY26

| Metric | Standalone | Consol. |
|---|---|---|
| Revenue | 26,150 | 27,284 |
| Total Income | 26,219 | 27,355 |
| EBITDA | 1,805 | 1,855 |
| PBT | 585 | 570 |
| PAT | 418 | 352 |
| EPS (₹) | 1.41 | 1.29 |

Consol. includes 4 entities incl. subsidiaries

### Key Takeaways

| | | |
|---|---|---|
| Revenue | ₹26,150 L | ▲+13.7% |
| EBITDA | ₹1,805 L | ▲+1.8% |
| PAT | ₹418 L | ▲+38.9% |
| EPS | ₹1.41 | ▲+38.2% |
| 9M Rev | ₹78,300 L | ▲+11.8% |
| 9M PAT | ₹1,247 L | ▲+10.3% |

majithia - 9825268468